# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 09.05.2026** **समय : 1905**

- शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बनें। उनके साथ पांच कैबिनेट मंत्रियों ने भी शपथ ली।
- राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए देशभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर रहा है।
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना ने 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं।
- धन्नीखाड़ी बांध में जलस्तर घटा–विभाग ने आम जनता से जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील की।

<><><><><><>

शुभेन्दु अधिकारी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बन गए हैं। राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा ने विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत किया है। कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में राज्यपाल आर एन रवि ने श्री शुभेंदु को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री अधिकारी ने जनता से गहराई से जुड़े रहने और उनकी आकांक्षाओं को करीब से समझने वाले नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने पांचों मंत्रियों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने जमीनी स्तर पर अथक परिश्रम किया है और जनता की सेवा की है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण आज देशभर में इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर रहा है। प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजीव पांडे ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक मामलों, चेक बाउंस और बैंक वसूली विवादों सहित कई प्रकार के मामलों की सुनवाई की जाती है। आज राष्ट्रीय लोक अदालत का पूरे देश में एक ही समय पर किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि न्यायलयों में लम्बित मामलों का बोझ कम किया जाए तथा जो मामले जो विवाद न्यायालय में प्रीलिटिगेस पर लम्बित हैं उनको समझौते के आधार पर निस्तारित किया जाए। श्री पांडे ने बताया कि वर्ष 2023 से 2025 के बीच 12 राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन कर 26 करोड़ मामलों का निपटारा किया गया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना ने 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा की इन योजनाओं का उद्देश्य सभी को विशेष रूप से समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को किफायती वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 27 करोड़ से अधिक नामांकन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में अट्ठावन करोड़ और अटल पेंशन योजना में 9 करोड़ नामांकन हो चुके हैं। जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 21 हजार 500 करोड़ रुपये और पीएम सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत लगभग 3 हजार 660 करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया गया है।

<><><><><><>

धन्नीखाड़ी बांध में जलस्तर पचास मीटर से नींचे जा चुका है जिसके कारण अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा नगरपालिका परिषद् को आपूर्ति किए जाने वाले जल की मात्रा में उल्लेखनीय कमी आई है। इससे निपटने के लिए परिषद् ने कल रटलैंड द्वीप से जल संग्रहण की वैकल्पिक व्यवस्था प्रारंभ की है। अब तक लगभग दो सौ टन जल एकत्र कर टैंकरों द्वारा लम्बालाईन जल शोधन संयंत्र तक पहुंचाया गया है जहां इसके उपचार और वितरण की व्यवस्था की जा रही है। विभाग जल संकट के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है तथा आम जनता से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग कर, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करे तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक जल बर्बादी से बचें।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित डॉ.एस राधाकृष्णन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा राज्य शिक्षा संस्थान द्वारा प्रशासन के पीएसटी, जीटीटी एवं पीजीटी के लिए दक्षता आधारित अनुभवात्मक अधिगम विषय पर आयोजित पांच दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण का कल श्री विजयपुरम के विभिन्न स्थलों पर सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में सभी नौ शैक्षणिक अंचलों से चार सौ से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। समापन समारोह में उप शिक्षा निदेशक एवं प्रधानाचार्य, राज्य शिक्षा संस्थान संगीता चंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षकों के बीच दक्षता आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षण पद्धतियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डाइट एवं एसआईई द्वारा आयोजित इस गहन एवं सार्थक प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीईआरटी, आरआईई, भुवनेश्वर, नेल्लूर, मैसूर तथा सीबीएसई के प्रतिष्ठित संसाधन व्यक्तियों द्वारा महत्वपूर्ण शिक्षण सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आयोजित ज्ञानवर्धक सत्रों, व्यवहारिक प्रदर्शनों एवं संवादात्मक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनकी व्यवसायिक दक्षताओं एवं कक्षा शिक्षण पद्धतियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में मादक पदार्थों की तस्करी एवं नशीले पदार्थों से संबंधित गतिविधियों के विरूद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स पुलिस थाना द्वारा एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए हाल ही में श्री विजयपुरम स्थित वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अंड्डे के पुराने टर्मिनल भवन के सामने विशेष अभियान चलाकर दो किलो से अधिक अवैध गांजा ज़ब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का नेतृत्व करते हुए निरीक्षक के बिनोज ने यह अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कोलकाता से श्री विजयपुरम यात्रा कर रहे पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना जिले के निवासी उन्नीस वर्षीय जमीरूद्दीन गाज़ी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से अवैध गाजा बरामद किया गया। एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत सभी कानूनी औपचारिकाताओं का पालन करते हुए पुलिस ने मादक पदार्थ को ज़ब्त कर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान करने हेतु जांच जारी है। यह छापेमारी पुलिस उपाधीक्षक सुमा मड्डा, तथा पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश देव के समग्र पर्यवेक्षण में की गई। अंडमान निकोबार पुलिस ने आम जनता से सर्तक रहने तथा मादक पदार्थो की तस्करी अथवा नशीले पदार्थों के दुरूपयोग से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय शहीद द्वीप पर पैरासेलिंग गतिविधियाँ आयोजित करने जा रहा है। इस संबध में निदेशालय ने पर्यटन हितधारकों, जलक्रीड़ा और नाव ऑपरेटरों से आवेदन आमंत्रित किए है। इसका उद्देश्य विभिन्न स्थानों पर विशेष पर्यटन श्रेणी के तहत अवकाश और मनोरंजक जलक्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा देना है। निदेशालय ने जलक्रीड़ा दिशानिर्देश, 2015 के अनुसार, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अधीन गोवा स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वॉटर स्पोर्ट्स के माध्यम से "जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा ऑडिट" करवाया है। शहीद द्वीप में यह पैरासेलिंग गतिविधियां लक्ष्मणपुर तट और रामनगर तट पर चलाई जाएगी। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते है। जो द्वीप समूह जलक्रीड़ा दिशानिर्देश, 2015 के तहत निर्धारित पात्रता मानदंडों और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा किया होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए सूचना प्रचार और पर्यटन निदेशालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>